हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37 .8 डिग्री
न्यूनतम 17 .7 डिग्री

12 माल्टा में लापता युवक पर प्रशासन की चुप्पी से...



12 महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के महान शूरवीर



## खबर संक्षेप

### कुवि से दूरस्थ शिक्षा के लिए प्रवेश अब 10 तक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है। कुवि के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले, नौकरीपेशा या अन्य कार्यों में व्यस्त विद्यार्थी भी इस माध्यम से अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। केंद्र की निदेशक प्रो. मंजुला चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो, नई दिल्ली द्वारा ओपन एवं डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए सत्र फरवरी 2026 हेतु प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने के बाद केंद्र ने भी जनवरी 2026 सत्र के लिए अपने सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को लगेगी

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को लगेगी। जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केसों का निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा 138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले, गैर शमन योग्य मामलों को छोड़कर वेतन और भत्ते तथा पुनरू परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले, और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं इस अदालत में लिए जाएंगे।

### हादसे में घायल की बाइक और मोबाइल लेकर फरार

**पानीपत।** बाइक फिसलने से घायल हुए जोनी निवासी जलालपुर कालोनी, कुराड फार्म को इलाज के बहाने बाइक समेत लेकर गए तीन युवक घायल की बाइक और मोबाइल लेकर फरार हो गए। वहीं जोनी की शिकायत पर सनौली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के जाचांधिकारी रामनिवास ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा व मोबाइल की लोकेशन के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### डॉ. गोयल गुरुग्राम विवि कोर्ट के सदस्य नियुक्त

**करनाल।** गुरुनानक खालसा कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एस.के. गोयल को गुरुग्राम यूनिवर्सिटी कोर्ट का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति हरियाणा के राज्यपाल के आदेशानुसार की गई है, जिसकी पुष्टि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा जारी पत्र में की गई है। डॉ. गोयल को तीन वर्ष के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका शैक्षणिक क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है और वे कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं।

## यमुनानगर में बढ़ रही कबूतरबाजी, दो मामलों में सात लोगों के खिलाफ केस

# मॉरीशस भेजने के नाम पर 6 दोस्तों के साथ धोखाधड़ी

विदेशों में बड़े कनेक्शन होने और मोटी कमाई का लालच देकर लोगों को फंसाते हैं ठग

- वीजा के बहाने दिल्ली बुलाकर दो-तीन दिन होटल में रोके रखा।
- आरोपियों ने उनका फोन उठाना बंद किया तो घर लौट आए पीड़ित
- रुपये भी लौटाने से इनकार किया तो दी पुलिस को शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मॉरीशस भेजने के नाम पर छह दोस्तों से चार लाख रुपये से अधिक की राशि हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप फरीदाबाद निवासी जितेंद्र शर्मा व धनंजय मांझी पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

देवी भवन बाजार जगाधरी निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्तों राहुल वर्मा, निशु, सदन कुमार, राकेश कुमार व हीरा लाल के साथ विदेश जाकर रोजगार करना चाहता था। इस दौरान मार्च 2024 में उनकी मुलाकात फरीदाबाद निवासी जितेंद्र कुमार शर्मा और उसके सहयोगी धनंजय कुमार मांझी से हुई। आरोपियों ने उन्हें बताया कि वह लोगों को वर्क परमिट पर विदेश भेजने का काम करते हैं। वह आरोपियों की बातों में आ गए। मार्च 2024 के अंतिम सप्ताह में आरोपी जगाधरी के सेक्टर-18 में आए और उनसे मुलाकात की। आरोपियों ने उन्हें मॉरीशस भेजने का आश्वासन दिया। आरोपियों ने कहा कि वहां उन्हें कंपनी में बिजली का काम मिलेगा और करीब 50 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा। आरोपियों ने प्रति व्यक्ति 90 हजार रुपये का खर्च बताया। उन्होंने आरोपियों पर विश्वास करके उन्हें चार लाख रुपये से अधिक की राशि दे दी। आरोपियों ने उन्हें वीजा के लिए दिल्ली बुलाया। वह सभी दिल्ली चले गए। जहां वह एक होटल में रुके। आरोपियों ने उन्हें तीन-चार दिन बहाने बनाकर होटल में रोके रखा। इसके बाद आरोपियों ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। परेशान होकर वह घर आ गए। जब उन्होंने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विदेश भेजने का झांसा देकर 30 लाख ठगे, पिता-पुत्र पर केस

**पानीपत।** सिटी थाना पुलिस ने स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की जांच रिपोर्ट के आधार पर रजत निवासी कुरुक्षेत्र व जसविंद्र निवासी अंबाला के साथ 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में अनिल कुमार व इसके पुत्र बेटे जतिन कादियान निवासी गांव चिमनी, जिला झज्जर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। स्मरणीय है कि इस मामले में पानीपत के सुखदेव नगर में इटर्नल वर्ल्ड इमिग्रेशन के नाम से आईईएलटीएस व पीटीई कोचिंग सेंटर चलाने वाले सौरभ ने शिकायत दी थी। सौरभ ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने रजत व जसविंद्र को क्रोशिया भेजने की एवज में तीस लाख रुपये लिए थे। वहीं आरोपियों ने न तो दोनों को क्रोशिया भेजा और न ही नगदी लौटाई। वहीं, जब पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने हत्या करने की धमकी दी।

### वर्क वीजा पर न्यूजीलैंड भेजने का झांसा दे हड़पे 4 लाख

**यमुनानगर।** वर्क वीजा पर न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर गांव हड़ोली निवासी इशांत से चार लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप सुनील कुमार, विजय, आकाश, प्रिंस व पारस पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव हड़ोली निवासी इशांत ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि सुनील कुमार, विजय, आकाश, प्रिंस व पारस लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह नवंबर 2025 में आरोपियों को मिला। आरोपियों ने उसे वर्क वीजा पर न्यूजीलैंड भेजने का आश्वासन दिया। आरोपियों ने उसे चार लाख रुपये व उसके दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने उसे जल्द ही न्यूजीलैंड भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने जब आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# हत्या के मामले में तीन दोषियों को कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के एक मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषियों में कुरुक्षेत्र के समसपुर निवासी राहुल व रोजी और डेरा बाजीगर, सिंगपुरा निवासी रवि शामिल हैं।

जिला न्यायवादी के अनुसार, 5 फरवरी 2023 को लोहार माजरा निवासी कृष्ण कुमार ने पुलिस चौकी सेक्टर-7 में शिकायत दी कि उसका बड़ा भाई रोशन लाल, जो हेरीटेज ग्रैंड बैंक्वेट, मथाना में कार्यरत था, 4 फरवरी 2023 को शाम करीब 6:15 बजे ड्यूटी समाप्त कर बैंक्वेट की चाबियां देने के लिए होटल हेरीटेज, सेक्टर-7 कुरुक्षेत्र आया था। वहां रिसेप्शन पर चाबियां देने के बाद वह मोटरसाइकिल से अपने गांव समसपुर के लिए रवाना हुआ, लेकिन घर नहीं पहुंचा और उसका मोबाइल फोन भी बंद मिला।

इस शिकायत के आधार पर थाना शहर थानेसर में मामला दर्ज कर जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई। 15 फरवरी 2023 को जांच टीम ने रोशन लाल का शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया तथा मामले में हत्या की धारा 302 आईपीसी जोड़ दी गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया, जबकि 15 फरवरी 2023 को ही आरोपी रवि को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मामले का चालान अदालत में पेश किया गया।

### जानिए... किसे कितने साल की मिली सजा

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर राहुल को दोषी करार देते हुए धारा 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माना सुनाया। जुर्माना न भरने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा धारा 201 आईपीसी के तहत 4 वर्ष कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माना (अदायगी न करने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास) तथा धारा 341 आईपीसी के तहत 1 माह का कठोर कारावास व 500 रुपये जुर्माना (अदायगी न करने पर 15 दिन अतिरिक्त कारावास) की सजा सुनाई गई। आरोपी रवि को धारा 201 आईपीसी के तहत 4 वर्ष कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माना (अदायगी न करने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास) की सजा दी गई। वहीं, समसपुर निवासी महिला रोजी को धारा 302/120बी आईपीसी (हत्या की साजिश) के तहत आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माना सुनाया गया। जुर्माना न भरने की स्थिति में उसे 6 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

# अमीन गांव में कार की टक्कर लगने से एक व्यक्ति की मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिले के अमीन गांव में ऑल्टो कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। उसका चचेरा भाई भी उसके पीछे ही आ रहा था। हादसे के बाद आरोपी कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। व्यक्ति रात का खाना खाकर सैर करने के लिए घर से निकला था। मृतक की पहचान अमीन गांव निवासी नरेंद्र कुमार (37) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अमीन गांव का नरेंद्र कुमार खेती-बाड़ी का काम करता था। नरेंद्र अपने पीछे पत्नी, बेटी और बेटे को छोड़ गया।

उधर, थाना केयूके पुलिस ने कार नंबर के आधार पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। अमीन गांव निवासी भूपेंद्र चौहान ने कहा कि वे कर्ण स्टेडियम करनाल में कोच की नौकरी करते हैं। रात को खाना खाने के बाद वे अपने पड़ोसी संजीव कुमार और चचेरे भाई नरेंद्र कुमार चौहान के साथ इशाकपुर रोड पर सैर करने निकले थे। सड़क पर नरेंद्र सबसे आगे चल रहा था और उससे थोड़ा पीछे वे दोनों बातचीत करते चल रहे थे। रात करीब 10:30 बजे एक सफेद रंग की ऑल्टो कार बड़ी तेज रफ्तार से आई, जिसने उनको क्रॉस करते हुए आगे चल रहे नरेंद्र कुमार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही नरेंद्र सड़क पर गिर पड़ा। उसके सिर और दोनों घुटनों पर गहरी चोटें आईं। उन्होंने उसे संभाला और एलएनजेपी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद में ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। उसका शव धीरपुर और डोडा खेड़ी रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक के बीच पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान की कोशिश की। मरने वाले की उम्र करीब 25-30 साल, रंग काला और चेहरा लंबोतर है। उसके माथे पर गहरी चोट का निशान है। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। एएसआई विकास कुमार ने बताया कि शव किलोमीटर 163 के पास 14-16 अप या डाउन ट्रैक के बीच बरामद हुआ। काफी कोशिशों के बावजूद मृतक का नाम-पता या पहचान नहीं हो पाई। उनको स्टेशन मास्टर से शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शुरूआत जांच से लग रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई।

# सीएम फ्लाइंग का जगाधरी में छापा खैर की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा

प्रतापनगर क्षेत्र से छोटी गाड़ियों में चोरी छिपे लकड़ी फैक्ट्री तक पहुंचाने की सूचना पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सीएम फ्लांइग की टीम ने बीती रात जगाधरी की शांति कॉलोनी स्थित एक फैक्ट्री में छापामारी कर खैर की लकड़ी से भरे ट्रक को काबू किया है। फैक्ट्री परिसर में चारों तरफ खैर की लकड़ी का छिलका बिखरा पड़ा था। जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि फैक्ट्री में लंबे समय से खैर की लकड़ी का अवैध धंधा किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने खैर की लकड़ी से भरे ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर राजेश ने बताया कि उन्हें लगातार सूचना मिल रही थी कि प्रतापनगर क्षेत्र से खैर की लकड़ी को छोटी गाड़ियों के माध्यम से चोरी छिपे इस फैक्ट्री तक पहुंचाया जाता है। यहां पर लकड़ियों को इकट्ठा कर उनका छिलका उतारा जाता था और फिर अच्छी क्वालिटी की लकड़ी को बड़े ट्रकों में भरकर दूसरे जिलों व राज्यों में सप्लाई किया जाता था। सूचना की पुष्टि के बाद टीम ने फैक्ट्री में छापामारी की। इस दौरान फैक्ट्री के अंदर एक ट्रक खैर की लकड़ी से भरा हुआ खड़ा मिला। उन्होंने बताया कि मौके पर भारी मात्रा में खैर की लकड़ी का छिलका भी मिला है। इससे यह साबित होता है कि फैक्ट्री में नियमित रूप से लकड़ी की छिलाई का काम किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि यहां लकड़ी की क्वालिटी के आधार पर उसे अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर अन्य राज्यों में सप्लाई किया जाता था। जिससे अधिक मुनाफा कमाया जा सके। इंस्पेक्टर ने बताया कि ट्रक को काबू कर उसमे लोड खैर की लकड़ी का वजन किया जाएगा। इसके साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि यह फैक्ट्री किसके नाम है। यहां से खैर की लकड़ी बड़ी गाड़ियों में भरकर किन किन राज्यों में सप्लाई की जाती थी।



**यमुनानगर।** शांति कॉलोनी स्थित फैक्ट्री से बरामद खैर की लकड़ी से भरे ट्रक के मामले में कार्रवाई करती सीएम फ्लाइंग की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### 360 अवैध नशीले कैप्सूल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो यूनिट अंबाला की टीम ने कलानौर स्थित महाराजा ढाबे के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिंबधित दवाई ट्रामाडोल के 360 अवैध नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। आरोपी उत्तर प्रदेश से नशीले कैप्सूल लेकर यमुनानगर आ रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। टीम में तैनात एएसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से एक व्यक्ति अवैध नशीले कैप्सूल लेकर आ रहा है। अगर कलानौर के नजदीक नाकाबंदी की जाए तो आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता है। सूचना मिलते ही टीम ने कलानौर महाराजा ढाबे के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद टीम को एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने शक के आधार पर जब आरोपी को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 360 नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल बरामद हुए। इन कैप्सूल पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान साढ़ौरा थाना क्षेत्र के सैदपुरा निवासी परवेज अहमद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ओटी से महिला चिकित्सक की हीरे की दो अंगूठियां चोरी, केस

**पानीपत।** पानीपत में एबीसी अस्पताल में प्रेक्टिस कर रही डॉ शैलजा अरोड़ा निवासी सुशांत सिटी की अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में से हीरे की दो अगूंठी चोरी हो गई। दोनों अंगूठियों की कीमत लाखों रुपये की है। वहीं, यह घटना 31 मार्च की है। इधर, डॉ शैलजा अरोड़ा ने एबीसी अस्पताल प्रशासन के खिलाफ और रिंग बरामदगी के लिए थाना चांदनी बाग में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने रोगी का ऑपरेशन किया था। इसके चलते उन्होंने अंगुठियों व घड़ी हाथ से उतार कर ओटी में ही ट्रॉली में रख दी थी। यहां से अंगूठियां चोरी की गईं। इधर, थानेदार संदीप कुमार ने बताया कि डॉ. शैलजा की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्रेनेड हमले की घटना निंदनीय गंभीरता से हो रही जांचः गंगवा

## करनाल में पत्रकारों से रूबरू हुए कैबिनेट मंत्री

- युवाओं को अवैध रूप से विदेश जाने से बचने की सलाह, भाजपा सरकार की पारदर्शिता का किया जिक्र
- कांग्रेस पर गुटबाजी के आरोप लगाकर बोले तीखे हमले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने वीरवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। भाजपा कार्यालय पर हुए ग्रेनेड हमले के सवाल पर मंत्री ने घटना को बेहद निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सच्चाई सामने आएगी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

कांग्रेस की आंतरिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए मंत्री रणबीर गंगवा ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही गुटबाजी का रहा है और उनके वोट कभी एकजुट नहीं होते। हरियाणा में कांग्रेस एक पार्टी नहीं, बल्कि अलग-अलग गुटों का समूह बनकर रह गई है, जिनकी विचारधारा में भी एकरूपता नहीं है। उन्होंने हालिया चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के 37 विधायकों में से 9 ने अपने ही उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया, जो पार्टी की अंदरूनी कमजोरी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आत्ममंथन करने की जरूरत है।

भाजपा सरकार की कार्यशैली का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि अन्य दलों के नेता भी सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली की सराहना कर रहे हैं।

युवाओं के अवैध रूप से विदेश जाने के मुद्दे पर मंत्री ने चिंता जताई। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे किसी एजेंट या गलत तरीके के झांसे में न आएं और अपनी जान व धन को जोखिम में न डालें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को वैध तरीके से विदेश भेजने और रोजगार उपलब्ध करवाने में हर संभव सहायता कर रही है।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि युवाओं को केवल सरकारी दिशा-निर्देशों और अधिकृत माध्यमों का ही सहारा लेना चाहिए, ताकि वे सुरक्षित और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें।

## कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने अनाज मंडी में जांची खरीद की व्यवस्थाएं

# ₹2585 प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर होगी गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन और डेयरी व मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने अनाज मंडी का दौरा कर सरसों एवं गेहूं खरीद के लिए की गई तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मंडी में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं, फसल सत्यापन, बिजली-पानी, सफाई, पेयजल, बायोमेट्रिक प्रणाली सहित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राणा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि मंडियों में अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल सत्यापन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है और सरकार द्वारा 2585 प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की जा रही है जबकि सरसों की खरीद एमएसपी 6200 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 114 अनाज अनाज मंडियां हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की मंडियों का दौरा कर खरीद व्यवस्था की निगरानी करें।

इसी क्रम में वे स्वयं भी प्रदेश की मंडियों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में बिजली, पानी, सफाई, तौल, उठान और भुगतान से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की सुविधा और पारदर्शी खरीद सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंगलवार, वीरवार, शनिवार को हैफेड द्वारा खरीद की जाएगी। सरकारी मापदंडों के अनुसार 12 प्रतिशत तक नमी वाले गेहूं की ही खरीद की जाएगी। मंडी में बॉयोमेट्रिक प्रणाली से गेट पास जारी किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डीएफसी निशांत राठी, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, मार्केट कमेटी शहजादपुर के अध्यक्ष गोपाल मित्तल, नारायणगढ़ मार्केट कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र राणा कुराली, मार्केट कमेटी सचिव, वाइस चेयरमैन जगदीप राणा, शहजादपुर मंडल प्रधान विक्रम राणा, मारकंडा मंडल प्रधान धर्मवीर गुर्जर व राकेश बिंदल तथा सुरेन्द्र राणा बड़ी बस्सी सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी थे।




**शहजादपुर।** मंत्री श्याम सिंह राणा अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

### सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को खरीद करेगा फूड एंड सप्लाई विभाग

एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। खरीद प्रक्रिया को सुचारू रखने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी तय कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर किसानों की फसल वेरिफिकेशन का कार्य तेज गति के साथ किया जा रहा है। पटवारियों एवं अधिकारियों को इस बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि मंडियों में पारदर्शी खरीद और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मार्केट कमेटी सचिव ने बताया कियहां अनाज मंडी में तीन गेट पास काटे गए। लगभग 132 क्विंटल गेहूं की आमद हुई। उन्होंने बताया कि सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को फूड एंड सप्लाई विभाग द्वारा खरीद होगी।

## खबर संक्षेप

### प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों का सही मार्गदर्शन जरूरी : शर्मा



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए एक विशेष करियर गाइडेंस सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन कपिल बत्रा द्वारा किया गया। जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं के बाद विद्यार्थियों को कौनसा करियर चुनना आदि विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मौजूद कपिल बत्रा ने साइंस, कॉमर्स और आट्र्स के बारे में सरल और स्पष्ट तरीके से जानकारी उपलब्ध करवाई तथा यह बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी अपनी रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सही निर्णय ले सकते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया।वहीं विद्यालय के चेयरमैन जी. एस. शर्मा ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है।

### दरवाजा तोड़कर नकदी, आभूषण व मोबाइल चोरी

**यमुनानगर।** शहर की विकास नगर कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का दरवाजा तोड़कर अलमारी में राखी चार लाख रुपये की नकदी, सोने की चेन व मोबाइल चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार विकास नगर निवासी शेखर ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 27 मार्च को सुबह आठ बजे घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। 31 मार्च को जब वह वापस लौटे तो घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जिसमें से चार लाख रुपये, सोने की चेन व मोबाइल गायब मिला।

### सोलर ट्यूबवेल की 13 प्लेट और मोटर चोरी

**यमुनानगर।** गांव नवाजपुर निवासी सतबीर सिंह ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने खेतों में फसल की सिंचाई के लिए सोलर ट्यूबवेल लगवाया हुआ है। 30 मार्च की शाम को वह खेतों से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब वह खेत में गया तो सोलर ट्यूबवेल की 13 सोलर प्लेट व सोलर मोटर गायब मिली। जिनकी कीमत करीब 60 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा में झूमे श्रद्धालु

**पानीपत।** शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। वहीं, शोभायात्रा में महिलाओं ने मंगलगीत गाए, जहां लाखों श्रद्धालुओं ने हनुमान ध्वज पर मन्नत के धागे बांधे। शोभायात्रा में सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद विज आदि ने भाग लिया। जबकि शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दूसरी ओर, समालखा में माता पुली रोड स्थित प्राचीन श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में हनुमान जयंती पर प्रधान अनिल बेनीवाल के मार्गदर्शन में पार्षद मनीष बेनीवाल के नेतृत्व में यज्ञ किया गया और भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, मंदिर में रामायण पाठ पंडित सुभाष शास्त्री ने किया।


### महिला चिकित्सक की हीरे की दो अंगुठियां चोरी

**पानीपत।** शहर के एबीसी अस्पताल में प्रेक्टिस कर रही डॉ शैलजा अरोडा की अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में से हीरे की दो अगुंठी चोरी हो गई। दोनों अंगुठियों की कीमत लाखों रूपये की है। इधर, डॉ शैलजा अरोडा ने एबीसी अस्पताल प्रशासन के खिलाफ और रिंग बरामदगी के लिए थाना चांदनी बाग में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने रोगी का ऑपरेशन किया था।

## इनेलो ने प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में खोला किसान कष्ट निवारण केंद्र

# नए फसल खरीद नियम किसानों के साथ घोर अन्याय : रोशन लाल

गेहू ख़रीद में आ रही समस्याएं को लेकर इनेलो ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, नए नियम छोटे किसानों के लिए परेशानी का कारण



**यमुनानगर।** जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते इनैलो कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की यमुनानगर ईकाई ने जगाधारी अनाज मंडी के साथ साथ जिले की सभी मंडियों में किसान कष्ट निवारण केंद्र खोले गए है, जिसमे किसानों को मंडियों में आने वाली समस्याओं को अधिकारियो से मिलकर हल करने का काम करवायेगे। किसानो को फसल खरीद में आ रही समस्याओं को लेकर इनेलो जिला प्रधान रोशन लाल की अध्यक्षता में जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रधान रोशन लाल ने कहा कि ये नियम जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं और विशेष रूप से छोटे व सीमांत किसानों के लिए भारी परेशानी का कारण बनेंगे। उन्होंने ने कहा कि सरकार द्वारा लागू बायोमेट्रिक सत्यापन, ऑनलाइन गेट पास, जियो. फेंसिंग और मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल की अनिवार्यता किसानों पर अनावश्यक डिजिटल बोझ डालती है। प्रदेश का बड़ा किसान वर्ग अभी भी तकनीकी संसाधनों से वंचित है, ऐसे में यह व्यवस्था उन्हें फसल बेचने से ही वंचित कर सकती है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सुढ़ैल ने विशेष रूप से छोटे किसानों की समस्या उठाते हुए कहा कि दो से ढाई एकड़ वाले किसान अक्सर अपनी फसल ट्रैक्टर-ट्रॉली की बजाय छोटा हाथी या टेंपो में लेकर आते हैं, जबकि कई किसान किराए की ट्रॉली या किराए के साधनों का उपयोग करते हैं। ऐसे में सरकार यह स्पष्ट करे कि इन किसानों का वेरिफिकेशनशन कैसे होगा, क्या हर बार वाहन मालिक और किसान दोनों की जांच होगी। यह व्यवस्था व्यावहारिक नहीं है और इससे किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अश्वनी दत्ता ने सरकार के उस निर्णय पर भी सवाल उठाया जिसमें रात 8:00 बजे के बाद मंडियों में एंट्री बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल अक्सर देर रात तक मंडियों में पहुंचती है, ऐसे में यह समय सीमा पूरी तरह अव्यावहारिक है। इससे मंडियों के बाहर लंबी कतारें लगेंगी और जाम की स्थिति पैदा होगी। जिससे किसानों को आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इन नई व्यवस्थाओं के कारण मंडियों में अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था बढ़ेगी। जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित होगी। इसके समाधान के लिए सरकार को चाहिए कि वह जो खरीद केंद्र परचेज सेंटर बंद कर दिए गए हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से दोबारा शुरू करे, ताकि मंडियों पर दबाव कम हो और किसानों को राहत मिल सके। प्रदेश कार्यकारिणी मेम्बर खिलाराम नरवाल ने आरोप लगाया कि सरकार इन जटिल नियमों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे किसान मजबूर होकर अपनी फसल कम दाम पर बेचने के लिए विवश होंगे। उन्होंने मांग की कि रात 8 बजे की समय सीमा को समाप्त किया जाए। किराए के वाहनों से आने वाले किसानों के लिए सरल व स्पष्ट व्यवस्था बनाई जाए। बंद किए गए खरीद केंद्रों को तुरंत दोबारा चालू किया जाए ताकि अन्नदाता को परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर सुरेश कानड़ी, सर्वप्रिय जठलाना, गुरदयाल शेरपुर, कमल चमरोड़ी, समीर, बलजिंदर कश्यप, मंगत राम सैनी, सुरेश शर्मा, मधुसूदन शर्मा, परवीन कैल, सुभाष खुर्दबन, मोहन तेजली, गुरजिंदर खेड़ी, रवि सुढल, सुरेन्द्र नंदा आदि रहे।

### सब्सिडी वाले कृषि ग्रेड यूरिया के डायवर्जन को रोकने लिए उठाएं कड़े कदमः प्रीति

सब्सिडी वाले कृषि ग्रेड यूरिया के डायवर्जन को रोकने के लिए उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने अधिकारियों को जिले में सब्सिडी वाले कृषि ग्रेड यूरिया के डायवर्जन को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सब्सिडी वाले कृषि ग्रेड यूरिया की औद्योगिक उपयोग (जैसे प्लाईवुड) में डायवर्जन को रोकने के लिए सरकार ने प्रवर्तन तंत्र को मजबूत करने के लिए विशेष समितियों का गठन किया है। यह समितियां यूरिया की अवैध जमाखोरी, कालाबाजारी और डायवर्जन को रोकने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करती हैं। उन्होंने बैठक में जिला के सभी एसडीएम, कृषि विभाग,आबकारी एवं कराधान विभाग (जीएसटी), एमएसएमई विभाग के अधिकारियों की एक कमेटी बना कर जांच करने के निर्देश दिए। मौके पर एमएसएमई के संयुक्त निदेशक वीपीएस अहलूवालिया, कृषि उप निदेशक आदित्य प्रताप डबास, ईटीओ विरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मंडियों में मूलभूत सुविधाओं का करें पुख्ता प्रबंध : डीसी



**यमुनानगर।** फसल प्रबंधन पर हुई बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रबी सीजन की फसल खरीद प्रबंधों को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों व गेहूं खरीद से संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन ने की। इस दौरान उपायुक्त प्रीति भी मौजूद रही।

आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अनाज मंडियों में मूलभूत सुविधाओं का प्रबंध करवाना सुनिश्चित करें। ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी गेहूं खरीद के कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि रबी सीजन 2026 के तहत मंडी में फसल बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर विवरण दर्ज कर बायोमैट्रिक प्रणाली सत्यापन के बाद ही गेट पास जारी करें। शाईन ने कहा कि किसान को सुबह छह 6 बजे से रात्रि आठ बजे तक गेट पास जारी किया जाएगा। इसलिए किसान निर्धारित समय में ही अपनी फसल लेकर आएं। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर पर फ्रंट नम्बर प्लेट होना अनिवार्य है। आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन ने कहा कि गेहूं खरीद के कार्य प्रदेश सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार ही करें और अन्य राज्यों से गेहूं नहीं आए इसके लिए प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद कार्य से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बिना उपायुक्त की अनुमति लिए स्टेशन नहीं छोड़ेंगे। मौके पर अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार, डीआरओ तरुण सहोता व कृषि उप निदेशक आदित्य प्रताप डबास आदि रहे।

### मंडी में गेहूं खरीद के लिए बारदाना की करें व्यवस्था

उपायुक्त प्रीति ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी खरीद सीजन के दौरान प्रयोग किए जाने वाले स्टॉक आर्टिकल्स जैसे वुडन, केटस, बारदाना, प्लास्टिक कवर व तिरपाल इत्यादि की उचित मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके अलावा खरीद सीजन के दौरान खाद्यान्न का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें।

## आरोपियों को पुलिस थाने में मिलेगी कानूनी सहायता

- थानों में कानूनी सहायता पर अधिवक्ताओं की हुई नियुक्ति

**यमुनानगर।** लीगल एंड रक्षा काउंसिल द्वारा जिले में गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए अधिवक्ता नियुक्त किए हैं। यह अधिवक्ता आरोपी को गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्रदान करेंगे।

काउंसिल के मुख्य कानूनी सहायता वकील अश्वनी कुमार बतरा ने बताया कि अप्रैल-2026 के लिए लीगल एड रक्षा काउंसिल के उप कानूनी सहायता वकील साबर अली चौहान पुलिस स्टेशन सेक्टर-17 हुड्डा, बूडिया, थाने में तैनात किया गया है। इसके साथ ही उप कानूनी सहायता वकील विरेंद्र कुमार को थाना छप्पर, असिस्टेंट कानूनी सहायता वकील दीपक कुमार को पुलिस स्टेशन जीआरपी आरपीएफ, सदर यमुनानगर, जठलाना, सदर जगाधरी, असिस्टेंट एलएडीसी मुक्तेश सालवान को पुलिस स्टेशन गांधी नगर, फरकपुर व रादौर में नियुक्त किया गया है। असिस्टेंट एलएडीसी निखिल को पुलिस स्टेशन सिटी यमुनानगर, वूमैन पीएस, साइबर पीएस व सिटी जगाधरी के लिए नियुक्त किया।



**यमुनानगर।** लोक अदालत में मामलों का निपटान करते हुए सीजेएम।

### लोक अदालत में दो मामलों का किया निपटान

**यमुनानगर।** हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला सत्र न्यायाधीश डॉ. दयानंद भारद्वाज के मार्गदर्शन में जिला जेल जगाधरी में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सात में से दो मामलों का निपटारा किया गया। सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि लोक अदालत में सात मामले रखे गए थे। जिनमें से दो मामलों का निपटान किया गया है। उन्होंने बताया कि महीने में दो बार जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर की सचिव ने महिला बंदियों से बातचीत की तथा उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार महिला बंदियों के लिए जिला जेल में मेंस्ट्रूअल हाइजीन के बारे में रेडक्रास जगाधरी के सहयोग से शिविर का भी आयोजन किया गया।

## मंडी में गेहूं खरीद शुरू, दुकानों के पीछे कूड़े के ढेर, सफाई व्यवस्था खस्ता हाल

- केवल मार्केट कमेटी कार्यालय के आसपास होती है सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कस्बा की अनाजमंडी में गेहूं की सरकारी खरीद का कार्य शुरू हो चुका है। बावजूद इसके अनाज मंडी रादौर में मार्केट कमेटी के साफ सफाई के दावों की पोल दुकानों के पीछे छुपाए गए कूड़ों के ढेर खोल रहे है। मंडी में आढ़तियों की दुकानों के पीछे लगे कूड़े के ढेर का निपटान कुडे में आग लगाकर किया जा रहा है। जिससे वातावरण भी दूषित हो रहा है। मंडी के आढ़तियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अनाजमंडी में सिर्फ मार्केट कमेटी के कार्यालय के आसपास ही साफ सफाई होती है। बाकी जगह आढ़तियों की दुकानों के पीछे कूड़े के ढेर लगा दिए जाते है। जिसका निपटान आग लगाकर किया जाता है। इस बारे मार्केट कमेटी के सचिव राजीव चोपड़ा ने बताया कि किसी को भी कूड़े के ढेर में आग लगाने की इजाजत नहीं है। इसकी जांच करवाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**रादौर।** अनाजमंडी में कूड़े के ढेर में लगी आग। *फोटो : हरिभूमि*

## शिक्षा जीवन में कौशल व आध्यात्मिक बौद्धिक भी प्रदान करती है : गोयल

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल में नए सत्र के उपलक्ष्य में हुआ हवन यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को नए शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य रीतू सिंगला मुख्य रूप से मौजूद रही। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ हुआ। जिसमें विद्वान आचार्य द्वारा विधि विधान से मन्त्रों के साथ स्कूल स्टाफ व बच्चों से हवन कराया गया।शैक्षणिक सत्र शुभारंभ पर सभी बच्चों द्वारा स्टाफ सहित हवन की आहुतियां डाली गई। रंजना गोयल ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का एक ऐसा अंग है जो व्यक्ति को न केवल ज्ञान, कौशल प्रदान करती ही है, बल्कि मानसिक, शारीरिक, आध्यात्मिक व बौद्धिक विकास भी करती है। मौके पर संजीव अग्रवाल, अमित सिंघल, राजेश सरदाना, सुमन शर्मा, निधि गोयल, मोनिका अरोड़ा, सपना आदि मौजूद रहे।



**रादौर।** हवन यज्ञ में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### हनुमान जयंती पर भक्तों ने की मंगल



**रादौर।** प्रसाद वितरित करते बिजली निगम के कर्मचारी।

**रादौर।** कस्बा रादौर के बिजली निगम के कर्मचारियों ने हनुमान जयंती के मौके पर प्रसाद वितरित किया। मौके पर मौजूद प्रधान प्रवेश सैनी ने बताया कि श्री हनुमान जी के प्रकट दिवस के उपलक्ष में प्रसाद वितरित कर सभी की सुख शांति की कामना की है। मौके पर हजारों राहगीरो ने प्रसाद ग्रहण किया। सैनी ने बताया कि श्री हनुमान जी ने मार्यादा पुरूषोत्म श्रीराम चंद्र जी का हर पग पर साथ दिया। श्री हनुमान जी ने समाज को भक्ति का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर प्रधान प्रवेश सैनी, उप प्रधान अभिलाष शर्मा, सचिव मोहन लाल, जेई सतपाल, जेई अमित, जेई अभिषेक, निर्मल, राजेश, ओम प्रकाश, अंग्रेज, मनीष, कमल शर्मा, नीरज, सुभाष, सुमित, शुभम, सन्नीए निवित पांचाल, जयमल आदि रहे।

## छात्रों को टेली प्राइम व जीएसटी फाइलिंग पर दिया प्रशिक्षण

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट में टैली व जीएसटी वित्त के सिद्धांतों पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम टैली एवं जीएसटी वित्त के मूल सिद्धांतों में महारतश विषय को लेकर आयोजित किया गया। कार्यशालाका उद्देश्य विद्यार्थियों को लेखांकन, कराधान एवं वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्तमान वित्तीय परिदृश्य में टैली और जीएसटी की बढ़ती महत्ता बारे जागरूक किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को टैली प्राइम और जीएसटी फाइलिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें टैली में लेखांकन की मूल बातें, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं इसके सिद्धांत, जीएसटी रिटर्न फाइलिंग तथा वास्तविक उद्योग से जुड़े केस स्टडी आदि बारे बताया गया। कार्यक्रम में रमनप्रीत कौर टेक्निकल ट्रेनर, शिवानी भारद्वाज अकाउंट्स एवं फाइनेंस और अभिषेक कुमार सीनियर मैनेजर के मार्ग दर्शन में यह कार्यशाला आयोजित हुई।





**यमुनानगर।** हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित करते हुए अध्यापकगण व बच्चें।

### विद्यार्थियों की आंतरिक प्रतिभा को निखारतें हैं अध्यापक वर्ग : शर्मा

**यमुनानगर।** होली मदर स्कूल में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर हवन यज्ञ किया गया। इस स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका व अध्यापकों ने हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर नए शिक्षा सत्र में बच्चों की सफलता की कामना की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भाग लिया। प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि आधुनिक युग में बच्चे अपनी संस्कृति से विमुख हो रहे हैं। इसलिए विद्यालय में उन्हें संस्कारों व वैदिक संस्कृति से परिचित करवाने के लिए हर नए सत्र के शुभारंभ पर हवन का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई कर अपने भविष्य का निर्माण करने की सलाह दी। चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। इनके अंदर प्रतिभा निवास करती है। उस प्रतिभा को निखारने व संवारने का काम अध्यापक वर्ग करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को परंपराओं का पालन करने और समग्र विकास के लिए रुझानों को अपनाने पर जोर दिया।

### जेएमआईटी शिक्षण संस्थान रादौर में वार्षिक महोत्सव की धूम

## युवा नवनिर्माण में निभाते हैं अहम भूमिका : सेठ कुमार

सोलो सिगिंग में लविशा, मीम वार में मानव, सोलो डांस में निकिता व मंडला आर्ट में वर्तिका रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वार्षिक महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में मुकंद शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रुप में संस्थान के महासचिव डॉ. रमेश कुमार, पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा, डॉ. आरके गर्ग, डॉ. वंदना मदान व डॉ. विवेक शर्मा मौजूद रहे। मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी हुई। महोत्सव में सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता में लविशा ने प्रथम स्थान, वंशिका पुंडीर ने द्वितीय व केशव ने तृतीय स्थान। वहीं, इको मीम वार में प्रथम स्थान मानव कोठियाल ने प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान सुश्री महक व तृतीय स्थान करण ने हासिल किया। सोलो डांस प्रतियोगिता में सुश्री निकिता पंवार ने प्रथम, वंश शर्मा ने द्वितीय व सक्षम खन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानव कोठियाल, द्वितीय स्थान महक व तृतीय स्थान रूहानी को मिला। मंडला आर्ट में वर्तिका पंवार ने प्रथम, कृतिका ने द्वितीय व जिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डुएट डांस में श्रेया व संचिता की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अंश व आयुषी मित्तल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं, 133 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में लगभग 10 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने बताया कि संस्थान ने इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में 17 स्थान हासिल किए व दो स्वर्ण पदक भी प्राप्त किए हैं। वहीं,इस वर्ष अब तक 309 विद्यार्थियों को रोजगार दिलाया जा चुका है। वहीं, रक्तदान मेलों में इस बार 1087 रक्त की यूनिट एकत्रित की गई। मौके पर रजिस्ट्रार अंकुश सिंगला, डॉ. एल एस रीन, डॉ. वंदना, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. विकास जुनेजा, डॉ. ऋषि स्वरूप शर्मा, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. नवदीप कुमार, डॉ.अनुजा गोयल व डॉ. जया मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।



**रादौर।** कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते विद्यार्थी।

**खबर संक्षेप**



## प्रतिनिधिमंडल ने पुराना व क्षतिग्रस्त तिरंगा सौंपा

**थानेसर।** राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान को बनाए रखने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 को कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में व्यापक जनसहभागिता मिल रही है। इसी क्रम में रादौर से एक प्रतिनिधिमंडल जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र पहुंचा और अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य महाराणा प्रताप पार्क में स्थापित पुराने एवं क्षतिग्रस्त तिरंगे को पुनः नवीनीकरण हेतु सौंपना था। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से भूषण मंगला, डॉ. राज कुमार तथा राजिंद्र राजपूत ने तिरंगा प्राप्त किया और इसे विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत पुनः नवीनीकरण के लिए स्वीकार किया। उल्लेखनीय है कि फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित इस अभियान के अंतर्गत पूरे संसदीय क्षेत्र से पुराने, मैले और क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय ध्वजों को एकत्रित किया जा रहा है।

## आयुष विवि में बीएमडी जांच शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में 3 अप्रैल शुक्रवार को बोन मिनरल डेंसिटी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों की हड्डियों की निःशुल्क जांच की जाएगी, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सके। इसके साथ ही मरीजों को आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की जाएंगी और हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा।

## सच्ची मित्रता और भक्ति में कोई स्वार्थ नहीं होता : जाजू



**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी के पावन ब्रह्मसरोवर तट के समीप चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र का अत्यंत भावुक और हृदय स्पर्शी वर्णन किया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति एवं प्रेम से ओत-प्रोत हो गया। कथा वाचिका सुमन जाजू ने सुदामाजी की दरिद्रता और उनकी सच्ची मित्रता का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा जी ने कभी भी अपनी गरीबी को भगवान के सामने नहीं रखा, बल्कि केवल प्रेम और भाव लेकर द्वारिका पहुंचे। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में वर्णन किया कि जब सुदामा जी श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे, तो भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं दौड़कर अपने मित्र को गले लगाया और उनके चरणों को धोकर सच्ची मित्रता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर जिलेभर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम

# भगवान राम के जयकारों से गूंजा कुरुक्षेत्र

*श्रीराम का आदर्श जीवन हम सभी को सत्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हनुमान जयंती के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों के साथ भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन हम सभी को सत्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में श्री हनुमान जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात परिसर में सामूहिक रूप से उप कुलसचिव विकास शर्मा ने 101 बार राम नाम जाप करने के साथ-साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर कुलपति प्रो. धीमान ने भगवान हनुमान के गुणों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके जीवन से हमें अटूट भक्ति, निस्वार्थ सेवा, अदम्य साहस, अनुशासन, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी ने सदैव अपने आराध्य के प्रति समर्पण और निष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया, जो हमें अपने जीवन में सकारात्मकता, धैर्य और आत्मबल विकसित करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर,आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. राजा सिंगला, प्रो. अमित कटारिया, उप कुलसचिव अतुल गोयल, सहायक कुलसचिव राम निवास, वित्त अधिकारी अशोक ग्रोवर, वरिष्ठ लेखा अधिकारी नरेश बावा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हनुमान मंदिर में चल रहे महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां डाली



**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम कुरुक्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां डाली गई। संघ संस्थापक सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरडी वाले एवं सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरडी वाले व सदगुरुदेव स्वामी संदीप ओंकार महाराज कुरडी वालों द्वारा पूर्णाहूति डाली गई। इस अवसर पर विधिवत मन्त्रोंचारण से कन्या पूजन कर भंडारा आयोजित किया गया। कुरड़ी वाले महाराज ने कहा कि आज पूर्णिमा पर हनुमान जयंती पर सवा लाख आहुतियां डालकर विश्व कल्याण की कामना कर संपूर्णता की। हनुमान जी की अपार कृपा समस्त विश्व पर बरसें और चहुंओर कल्याण ही कल्याण हो ऐसी कामना की गई। समस्त आए श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर पुण्य अर्जित किया। स्वामीजी ने कहा हमें भी हनुमान जी की तरह निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए और अपने इष्ट का प्यार प्राप्त कर जीवन यापन करना चाहिए अपने गुरु और माता पिता के प्रति सच्ची समर्पित भावना रखनी चाहिए और सच्चा प्रेम करना चाहिए और जहां भी मां की कृपा होती है।

## नगर भक्तिमय वातावरण में हुआ सराबोर



**पिहोवा।** परशुराम चौक स्थित श्रीदक्षिण मुखी हनुमान मंदिर की ओर से हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा, सवा करोड़ राम नाम जाप, रामचरित मानस पाठ का भोग एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा के अवसर पर पूरे नगर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा की अगुवाई महंत महावीर दास और महंत बबला दास सहित अनेक संत-महात्माओं एवं गणमान्य नागरिकों ने की। शोभायात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर से मेन चौक, मेन बाजार, सरस्वती चौक, सरस्वती मंदिर, पुराना बाजार, दरगाही शाह मंदिर, ब्रह्मयोनि तीर्थ, जाहरवीर गोगा माड़ी और कैथल रोड से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, वाइस चेयरमैन, प्रतिनिधि सुरेंद्र पप्पू ढींगरा, पार्षद दीपक महंत, पार्षद जयपाल कौशिक ने संत-महात्माओं का फूल-मालाओं से स्वागत कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया। शोभायात्रा के समापन के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर बाबा श्रवण नाथ स्कूल में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर के महंत विश्वनाथ गिरी, मां बगलामुखी धाम धनीरामपुरा के महंत भीम पुरी, महंत भीम पुरी के सानिध्य में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर रामचरितमानस पाठ, हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित बबलू चौबे सहित अनेक ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोंचारण कर हवन यज्ञ में संत महात्माओं, भारतीय शिक्षा समिति के सचिव एवं संगमेश्वर महादेव मंदिर के प्रबंधक भूषण गौतम, प्रधानाचार्य डॉ खजान सिंह मेहला, ऋषि राम मोदगिल, पूर्व डीईओ जसबीर सिंह, कश्मीरी लाल गर्ग सहित स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों व गणमान्य जनों द्वारा हवन यज्ञ पूर्णाहुति आहुति डलवाई गई। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



## गीता विद्यालय में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** गीता विद्यालय कुरुक्षेत्र में हनुमान जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा व भगवान हनुमान के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके पश्चात सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद शारीरिक आचार्य राजीव ने भगवान हनुमान के बाल्यकाल से जुड़े प्रेरणादायी एवं नैतिक प्रसंगों की चर्चा की, जिससे विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का संचार हुआ। उनके विचारों ने सभी को जीवन में सच्चाई, साहस और समर्पण के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मदान ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों को अपनाने की सीख दी। पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा।

# मिशन बुनियाद हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाः शम्भू राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के केशव सदन में मिशन बुनियाद के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए बुनियाद कार्यक्रम में दाखिले हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं बुनियाद लेवल-3 परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भू राठी ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शम्भू राठी, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, मिशन बुनियाद के डायरेक्टर प्रदीप तथा जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. तरसेम कौशिक सहित अन्य गणमान्य अतिथियों— बीईओ बिजेन्दर सिंह, रामराज कौशिक, राजेश सैनी, तनुपमा शर्मा एवं ऋतु गुप्ता, संजय कौशिक, राममेहर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि शम्भू राठी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि मिशन बुनियाद केवल एक शैक्षणिक योजना नहीं, बल्कि हरियाणा सरकार का ऐसा दूरदर्शी प्रयास है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्यधारा में लाना है। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया मिशन बुनियाद शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है।



## गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन के साथ अत्यंत श्रद्धा और उत्साह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वस्ति वाचन एवं यज्ञ से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ आहुति डालते हुए नव सत्र की सफलता और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कक्षा पाँचवी, छठी, सातवीं, आठवीं एवं ग्यारहवीं के कुरुक्षेत्र नगर के लगभग विभिन्न 25 विद्यालयों के नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने हवन में सहभागिता की।

# कुवि का 35वां दीक्षांत समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 35वां वार्षिक दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्रीमद्भगवद्गीता सदन में आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह में हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और विद्यार्थियों को दीक्षांत भाषण देंगे। समारोह का शुभारम्भ वंदे मातरम् से किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश बिंदल अतिविशिष्ट अतिथि तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस अवसर पर वर्ष 2024-25 के करीब 3 हजार विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियाँ एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। यह समारोह विद्यार्थियों के वर्षों के परिश्रम, समर्पण और सफलता का उत्सव है।

### डिग्री प्राप्त करने के बाद कुलाधिपति एवं कुलपति को नमन करना अनिवार्य

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि दीक्षांत समारोह के अवसर पर सामूहिक फोटो की विशेष व्यवस्था भी की गई है। इसके लिए लगभग 100 स्टैंडिंग पैनल तैयार करवाए गए हैं, ताकि समारोह के उपरांत ऑडिटोरियम हॉल के बाहर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकों के यादगार समूह फोटोग्राफ लिए जा सकें जिससे 35 वां दीक्षांत समारोह सभी के लिए यादगार बन सकेगा। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि पीएचडी धारकों को मंच पर बुलाकर कुलाधिपति द्वारा उपाधि प्रदान की जाएगी, जबकि अन्य अभ्यर्थियों को उनकी सीट पर ही डिग्री वितरित की जाएगी। डिग्री प्राप्त करने के बाद कुलाधिपति एवं कुलपति को नमन करना अनिवार्य होगा।



## 32 विद्यालयों के विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक कर दिलाई शपथ

**कुरुक्षेत्र।** नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र में स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय के प्रांगण में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया गया। शिविर के अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य डॉ. गिरधारी लाल की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें 32 विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के उच्चाधिकारियों के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों को नशे के विरुद्ध विस्तारपूर्वक जागरूक करते हुए बताया कि प्रतिबंधित नशों के लिए भारत में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट लागू है। इस अवसर पर प्रवक्ता अनिल कुमार, सतीश कुमार, मुकेश, नरेश, प्रीतम, मिनाक्षी, दिव्या और राम निवास सहित छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

# शेखचिल्ली मकबरे के पास हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाया

*लोगों ने नारेबाजी कर जताया रोष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



देर रात शेखचिल्ली मकबरे कुरुक्षेत्र के समीप मस्जिद के पास वाली जगह पर निर्माण कार्य करने के विरोध में आसपास के लोगों ने रोष जताया है और जमकर नारेबाजी की है। मामला भड़कते देख मौके पर भारी पुलिस बल भी पहुंचा और मामले को शांत करवाया और निर्माण कार्यों को रुकवा दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आज से 5-6 साल पहले भी यह मुद्दा उठा था और उस समय इन्होंने काम बंद कर दिया था, लेकिन आज एक बार फिर रात को यह निर्माण कार्य कर रहे थे, जिसे रुकवाने के लिए सभी लोग यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पुरातत्व विभाग का 5 साल पहले नोटिस आया था कि बिना उनकी परमिशन के कोई भी काम नहीं किया जाएगा और आज फिर उनके बिना परमिशन के यह निर्माण कार्य कर रहे थे। थाना कृष्णा गेट के एसएचओ बलजीत सिंह ने बताया कि मस्जिद के पास वाली जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसको लेकर कुछ स्थानीय लोगों ने रोष जताया था और उन्होंने मौके पर पहुंच कर उस निर्माण कार्यों को रुकवा दिया गया है और दोनों पक्षों को शांत करवा दिया गया है।



## गीता कन्या विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नव शैक्षणिक सत्र आरंभ एवं हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हम सभी को पूरे उत्साह के साथ नव संवत्सर का स्वागत, उपासना व पूजार्चन करना चाहिए। विद्या आरंभ संस्कार हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण 16 संस्कारों में से एक है। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा नन्हे- नन्हे बच्चों से ॐ एवं स्वास्तिक बनवाकर विद्यारंभ संस्कार करवाया। तत्पश्चात सभी ने बच्चों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा एवं डॉ राजेश अग्रवाल, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, महिला प्रतिनिधि अंजली शर्मा एवं विद्यालय प्रधानाचार्या सुमन बाला ने सभी को नव संवत एवं नव सत्र की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# आंबेडकर जयंती कार्यक्रम का दिया निमंत्रण

- कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह चौटाला बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम का निमंत्रण देते डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा।

खैहरा फॉर्म निवास पर डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा से मुलाकात करने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण सभा इस्माईलाबाद के सभी गणमान्य पदाधिकारी पहुंचे। इस दौरान सभा के प्रतिनिधियों ने 5 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में होने वाले भव्य कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया। इस अवसर पर युवा जजपा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने सभा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब के विचार समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता फैलाने और युवाओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. खैहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिग्विजय सिंह चौटाला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और अपने विचारों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में सम्माननीय संत संत मंदीप दास जी भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह चौटाला संतजी का आशीर्वाद लेंगे तथा संगत के दर्शन कर उनका आशीष प्राप्त करेंगे। सभा के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से प्रदीप ठसका, सज्जन सिंह, मुकेश नेसी, हाकम ठसका, राजेश ढलमाजरा, निर्मल सुदपुर एवं सुनील सोढ़ी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**कार्यक्रम** भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय के. सूद मुख्य करेंगे शिरकत

# कुरुक्षेत्र विवि में 18वां गोयल पुरस्कार समारोह आज, देश के शीर्ष वैज्ञानिक होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आज विज्ञान के क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित आयोजन 18वां गोयल पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में प्रातः 10.30 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में देश के प्रमुख वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट शोध, नवाचार और विज्ञान में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस गरिमामयी समारोह में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय के. सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे।

### विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत

कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि वर्ष 1992 से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार प्रदान करता आ रहा है, जो वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिए एक प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है। इस वर्ष समारोह में वर्ष 2023-24 के लिए 04 गोयल पुरस्कार और 04 राजीब गोयल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने बताया कि गोयल पुरस्कार के अंतर्गत एप्लाइड साइंसेज में डॉ. अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित, केमिकल साइंसेज में डॉ. थालप्पिल प्रदीप, लाइफ साइंसेज में डॉ. परमजीत खुराना तथा फिजिकल साइंसेज में डॉ. श्रीराम रामास्वामी को सम्मानित किया जाएगा। इन वैज्ञानिकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय योगदान देकर शोध के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को 2 लाख रुपये की नकद राशि, स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

खबर संक्षेप

## परसुराम मंदिर में कथा का हुआ समापन

**अंबाला।** भगवान परशुराम मंदिर पीपली बाजार अंबाला शहर में धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से परिपूर्ण सत्यनारायण कथा एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन के साथ हुआ, जिसके उपरांत विद्वान पंडित पंकज डिमरी ने श्रद्धालुओं को भगवान सत्यनारायण की कथा सुनाई। उन्होंने कथा के माध्यम से भगवान की महिमा तथा व्रत के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया।

## तीन मुकदमों का हुआ समाधान

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने केंद्रीय कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में 8 मुकदमें रखे गए थे। जिनमें नियमानुसार 3 का निपटारा किया गया। सीजेएम प्रवीण ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधिश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन मे प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन पहले व तीसरे बुधवार को किया जाता है। इसके अलावा वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें स्थायी लोक अदालत में लगाकार निपटाए जा सकते हैं।

## शिविर में आमजन की सुनीं शिकायतें

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। संबंधित विभाग के अधिकारी अपने विभाग से जुड़ी लोगों की प्रत्येक समस्या का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहें थे। नगराधीश ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिलें में निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है।

## नाविकों को मिले भोजन-पानी: अनिल विज

**अंबाला।** परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि मानवता के आधार पर मध्य पूर्व युद्ध के बीच हार्मुज में फंसे नाविकों के भोजन का इंतजाम ईरान को करना चाहिए। उन्होंने एक बयान में कहा कि मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और होर्मुज में जारी गतिरोध के कारण स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। हजारों नाविक इस क्षेत्र में फंसे हुए हैं। उनके सामने भोजन एवं पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। नाविकों की ओर से अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को लगातार संदेश भेजे जा रहे हैं कि उनका भोजन और पीने का पानी खत्म हो चुका है। कई जहाजों पर राशन की भारी किल्लत है। वह पानी उबालकर पीने को मजबूर हैं।

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मीटिंग में पानी निकासी की फरियाद लेकर पहुंचे किसान

# शामली-अंबाला हाईवे के निर्माण से नदी बंद, किसान बोले, पानी निकासी न होने से फसलें हो रहीं बर्बाद

**13 शिकायतों में से 9 का समाधान और 4 शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडक़ें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने वीरवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। इस दौरान एजेंडे में रखी 13 शिकायतों पर सुनवाई हुई। इनमें से 9 का समाधान किया गया और 4 शिकायतों के समाधान से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देकर अगली मीटिंग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र लाठर व कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में रखी सभी 13 शिकायतों पर गंभीरता से सुनवाई हुई। 4 शिकायतों को जांच के लिए अधिकारियों के हवाले किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की गई। उन्होंने चंडीगढ़ मे हुए ब्लास्ट की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। बताया कि मामले की जांच करवाई जा रही है। जिसकी भी इस घटना मे संलिप्ता पाई जाएगी, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसी प्रकार बलदेव नगर नजदीक रामनगर की ममता रानी, प्रभजोत, जगत व अन्य ने अपनी शिकायत में बताया कि चंडीगढ रोड बलदेव नगर में जो रिहायशी क्षेत्र है उसमें कार्बन उत्पादक अवैध ईकाई का निर्माण किया गया है। वहां पर गोदाम भी है जिससे प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबधंक ने बताया कि उक्त स्थान का दौरा किया गया है। वहां पर कोई अवैध फैक्ट्री नहीं है। मंत्री ने कहा कि लोगों को धूल मिट्टी एवं प्रदूषण का समाना न करना पड़ें, इसके लिए गोदाम संचालक विशेष ध्यान रखते हुए वहां पर पानी का छिडक़ाव निरंतर करते रहें ताकि यहां पर रहने वाले लोगों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल, एसडीएम बराड़ा सतिंद्र सिवाच, एसडीएम नारायणगढ़ शिवजीत भारती, आरटीए सुशील कुमार भी मौजूद रहे।



**अंबाला।** जिला कष्ट निवारण समिति की मीटिंग में मंत्री रणबीर गंगवा को अपनी शिकायत सुनाता फरियादी।

### मंत्री रणबीर गंगवा ने समस्या के समाधान के लिए बनाई कमेटी, अफसरों को दिए निर्देश



फोटो : हरिभूमि

### जेठ पर मारपीट का आरोप

गांव शाहपुर की ममता रानी ने पुश्तैनी मकान की समस्या व उसके जेठ द्वारा उसके साथ मारपीट करने की शिकायत रखी। इस मामले में जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। यह मामला एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन हैं। गांव संतोखी की अंजलि ने शिकायत देकर बताया कि उसके पति के साथ रंजिश रखते हुए कुछ लोगों ने झगड़ा किया था। उसका सामान भी छीन लिया गया था तथा उसे चोटें भी आई थी। इस मामले में जांच अधिकारी ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा थाने में शिकायत की गई थी जिसके बाद शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में चालान पेश किया गया है। गांव ठरवा के दिव्यांग दलबीर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी रिहायशी जमीन पर बिजली निगम द्वारा ट्रांसफार्मर लगाया हुआ है। इस मामले में कैबिनेट मंत्री ने अधिकारी को कहा कि वे कष्ट निवारण समिति की बैठक का हवाला देते हुए ट्रांसफार्मर हटवाने के निर्देश दिए।

### इन शिकायतों पर भी लिया संज्ञान

गांव हलदरी के बलबीर सिंह ने बरसाती पानी की निकासी की समस्या रखते हुए कहा कि गांव नगला के एक जमींदार ने यहीं पर नजदीक मछली पालन के लिए तालाब बनाया हुआ है। तालाब पर 5-6 फुट उची पटरीयां बना दी है जिससे बरसाती पानी की निकासी नहीं होती तथा उसके साथ साथ अन्य ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इस मामले में कैबिनेट मंत्री सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि वे उक्त स्थान का मौका मुआयना करें। कष्ट निवारण समिति की बैठक का हवाला देते हुए बरसाती पानी की निकासी के लिए प्रोपोजल तैयार करें ताकि समस्या का स्थाई समाधान हो सकें। इसी प्रकार गांव नन्हेड़ा के बीरू राम ने बताया कि उनका गांव में मकान है। वह पिछले कई वर्षो से उसका उक्त जगह पर कब्जा भी है। उसने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि नगर परिषद् द्वारा उसकी प्रोपर्टी आईडी में से उसका नाम हटा दिया गया है।

### इन शिकायतों पर हुई सुनवाई

मंत्री के समक्ष गांव बिहटा व तेपला से आए पवन कुमार, अश्वनी चौहान तथा इंद्रजीत सिंह व हरभजन सिंह ने बताया कि उनके खेतों के पास से बरसाती नदी निकलती है। शामली अंबाला हाईवे बनने से यह नदी बंद हो गई है। अब इसका पानी हमारे खेतों में भर जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि एनएचएआई द्वारा यहां पर जो पुलिया बनाई गई है वह उचाई पर है, जिससे बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। उन्हें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हैं। एनएचएआई से आए अधिकारी ने बताया कि बरसाती पानी की निकासी के लिए यहां पर दो जगहों पर पाईप डाल दिए गए हैं। प्रार्थी के आग्रह पर कैबिनेट मंत्री ने सिंचाई विभाग, एनएचएआई तथा कष्ट निवारण समिति के एक सदस्य को नियुक्त करते हुए उक्त जगह का दुबारा से मौका मुआयना करने के निर्देश दिए ताकि इस समस्या का स्थाई समाधान करवाया जा सकें। इसी प्रकार कच्चा बाजार अंबाला कैंट के सुनील वर्मा ने सीवरेज की समस्या रखी। इस मामले में नगर निगम से आए अधिकारी ने बताया कि प्रार्थी की मिट्टी, मलवा से जुड़ी समस्या का समाधान करवाने का दावा किया। सीवरेज की समस्या को भी ठीक करवा दिया गया। गांव बिहटा के पवन कुमार ने गांव बरसाती पानी की निकासी की समस्या रखी। इस मामले में कैबिनेट मंत्री ने बीडीपीओ साहा, सिंचाई विभाग के एक्सईएन व कष्ट निवारण समिति के एस सदस्य को नियुक्त करते हुए उक्त जगह का मुआयना करने के निर्देश देते हुए स्थाई समाधान करने बारे कहा। अंबाला शहर के नरेश विहार के राजेश कुमार की सफाई व्यवस्था व सेक्टर-9 के महेश गर्ग ने प्रोपर्टी आईडी की समस्या रखी। समाधान होने पर दोनों शिकायतें डिस्पोज ऑफ कर दी गई । इसी प्रकार पशुपति कुष्ट आश्रम से आए लोगों ने बरसाती पानी की निकासी सही तरीके से न होने की समस्या रखी। बताया कि उनके आश्रम के नजदीक जो नाला है वह बंद पड़ा हैं। जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।



### फूड फेस्टिवल में विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में बेहतर सेवा देने के तरीकों से अवगत कराया

**चण्डीगढ़।** सेक्टर-17 स्थित एयरोफ्लाई इंस्टीट्यूट में आज एक विशेष फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में बेहतर सेवा देने के तरीकों से अवगत कराना था। फूड फेस्टिवल के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया कि मेहमानों को किस प्रकार प्रोफेशनल तरीके से सर्व किया जाता है। कार्यक्रम में लगभग 25 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कुकिंग व प्रेजेंटेशन स्किल्स का प्रदर्शन किया। संस्थान के संचालक राहुल सलारिया ने बताया कि एयरोफ्लाई इंस्टीट्यूट में हॉस्पिटैलिटी के साथ-साथ एयर होस्टेस, ट्रैवल और रिटेल सेक्टर से संबंधित प्रोफेशनल ट्रेनिंग भी प्रदान की जाती है, जिससे विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के लिए तैयार किया जा सके।

## माल्टा में लापता युवक पर प्रशासन की चुप्पी से खफा परिजन सीएम से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

माल्टा में रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हुए युवक के परिजनों ने अब प्रशासनिक रवैये से खफा होकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुलाकात की । बेटे की सलामती को लेकर परेशान परिवार ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई। परिजन राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह के साथ मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। सीएम से उन्होंने पूरे मामले की जानकारी दी। परिजनों का कहना है कि उनका इकलौता बेटा 18 मार्च से माल्टा में लापता है लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बेटे की गुमशुदगी को लेकर न तो स्थानीय प्रशासन सक्रिय दिखा और न ही भारतीय दूतावास ने कोई ठोस कदम उठाए। सीएम से मुलाकात के दौरान परिजनों का दर्द साफ झलक रहा था। उन्होंने मुख्यमंत्री से केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय स्तर पर तुरंत हस्तक्षेप की मांग करते हुए बेटे की जल्द तलाश की गुहार लगाई।



बराड़ा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते लापता युवक के परिजन।

### न्यूज डायरी



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

## 90 विधानसभाओं में बह रही विकास की बयार

**अंबाला।** पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनकर उनके समाधान के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा की 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा है। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी अनेकों ऐसे विकास कार्य हैं जिन्हें करवाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी निंरतरता में विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। आगे भी विकास कार्यों को निंरतरता में करवाते हुए अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र को और सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जाएगा। जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रार्थियों ने अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान करवाने बारे पूर्व राज्यमंत्री राज्यमंत्री के समक्ष रखा। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा।

## ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर पर प्रकाश डाला

**चंडीगढ़।** विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के अवसर पर लिवासा अस्पताल, मोहाली ने बुधवार को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर के प्रति बढ़ती जागरूकता, प्रारंभिक जांच और बहुविषयक प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सलाहकार-बाल रोग विशेषज्ञ, लिवासा डॉ. अनमोल सिद्धू ने कहा, "ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर में सामाजिक संचार और अंतःक्रिया में चुनौतियां, साथ ही व्यवहार के सीमित और दोहराव वाले पैटर्न शामिल हैं। 'स्पेक्ट्रम' शब्द लक्षणों और गंभीरता में व्यापक भिन्नता को दर्शाता है, क्योंकि प्रत्येक बच्चा ऑटिज़्म का अनुभव अलग-अलग तरीके से करता है। हाल के अनुमानों के अनुसार, भारत में 68 में से 1 से लेकर 100 में से 1 बच्चा ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से प्रभावित है, जो 2-9 वर्ष की आयु के बच्चों में लगभग 1.12% से 1.5% है, और लड़कों में इसकी व्यापकता अधिक है। विशेषज्ञों ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि शुरुआती लक्षण अक्सर सूक्ष्म होते हैं और स्पष्ट असामान्यताओं के बजाय अपेक्षित विकासात्मक पड़ावों की अनुपस्थिति के रूप में प्रकट हो सकते हैं। इनकी पहचान आमतौर पर जीवन के दूसरे वर्ष में होती है, जब सामाजिक और संचार संबंधी ज़रूरतें बढ़ जाती हैं। सलाहकार-मनोचिकित्सक डॉ. विभा गोयल ने कहा, "प्रमुख शुरुआती चेतावनी संकेतों में 1 वर्ष की आयु तक नाम पर प्रतिक्रिया न देना, 18 महीने की आयु तक सार्थक शब्दों का न बोल पाना, सीमित या अनुचित खेल, साथियों के साथ कम मेलजोल, दोहराव वाले व्यवहार या असामान्य हरकतें, शब्दों को दोहराना (इकोलैलिया), अति सक्रियता और पैर की उंगलियों पर चलना शामिल हैं।

## संत समागम में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं को दिया समाज की एकजुटता का संदेश

- कार्यक्रम में पदमश्री संत निरंजन दास ने संत फकीरदास की प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव तंदवाली स्थित डेरा बेगमपुरा तंदवाली में रविदासिया धर्म को समर्पित एक विशाल एवं भव्य संत समागम का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में संगत ने भाग लेकर गुरु भक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम का आयोजन संत श्री बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संत श्री 108 संत फकीर दास उदासीन महाराज की पुण्य स्मृति में किया गया। समागम में डेरा सचखंड बल्लां के गद्दीनशीन पदमश्री संत निरंजन दास महाराज मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। तंदवाली पहुंचने पर संगत ने उनका भव्य स्वागत किया और गुरु रविदास महाराज के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर संत निरंजन दास महाराज ने संत फकीरदास उदासीन की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया।



**बराड़ा।** ब्रह्मलीन संत बैसाखी दास का आशीर्वाद लेते हुए संतजन और कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



### मनोकामना सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर भव्य आयोजन

**अंबाला।** जीटी रोड, मोहड़ा स्थित मनोकामना सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। श्री आंजनेय चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 29 मार्च से आरंभ हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। पांच दिवसीय समारोह में श्री रामचरितमानस पाठ एवं रुद्राभिषेक तथा नव चंडी पाठ आयोजित किए गए तत्पश्चात हवन का आयोजन किया गया। समारोह में हनुमान जी का विशेष अभिषेक किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी पूर्णानंद गिरि महाराज ने बताया कि रुद्राभिषेक भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का अत्यंत प्रभावशाली माध्यम है।

### 9 को होगा महाराणा प्रताप का प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह

# महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के महान शूरवीर

**इस समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मौजूद रहेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन और डेयरी व मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि 9 मई को शहजादपुर अनाज मंडी में महाराणा प्रताप जयंती प्रदेश स्तर पर भव्य रूप से मनाई जाएगी। उन्होंने यह जानकारी भारतीय किसान यूनियन (सेवक) के प्रदेश अध्यक्ष नरपत राणा के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं व समाज के गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए दी। कार्यक्रम में राजपूत समाज के लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राणा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मौजूद होंगे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के महान वीर, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। उनका जीवन संघर्ष, त्याग और देशभक्ति की प्रेरणा देता है और आने वाली पीढ़ियों को अपने धर्म, संस्कृति और देश के लिए समर्पित रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय समारोह में 36 बिरादरी के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि समाज में एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश मजबूत हो। मौके पर, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा, जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली, नपा सदस्य संजीव कौशिक, कुलदीप सिंह, संजीव बधौली, सुरेंद्र राणा बड़ी बस्सी, मदन पाल भेड़ों भी मौजूद रहे। किसान रेस्ट हाऊस में कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों की बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने 9 मई को आयोजित होने वाले महाराणा प्रताप जयंती समारोह का निमंत्रण दिया और अधिक से अधिक लोगों को इस समारोह में भाग लेने का आह्वान किया।



**शहजादपुर।** मंत्री श्याम सिंह राणा महाराणा प्रताप जयंती की जानकारी देते हुए।

### कार्यक्रम के प्रति लोगों को करें जागरूक: श्याम सिंह

मंत्री राणा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करना शुरू करें। यह आयोजन केवल एक जयंती समारोह नहीं बल्कि वीरता, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता का महोत्सव होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कृषि मंत्री एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा को विश्वास दिलाया कि शहजादपुर में आयोजित होने वाले महाराणा प्रताप जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता गांव और शहरी क्षेत्रों से अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित करेंगे।

## एमडीएसडी कॉलेज में एनडीएलआई एवं एनडीएलआई क्लब विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित एमडीएसडी कॉलेज में पुस्तकालय एवं एनडीएलआई क्लब द्वारा "एनडीएलआई एवं एनडीएलआई क्लब" विषय पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कॉलेज की लाइब्रेरियन एवं एनडीएलआई क्लब की अध्यक्ष डॉ. कौशल चौहान ने विद्यार्थियों को नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनडीएलआई के माध्यम से छात्र विभिन्न विषयों से संबंधित लाखों ई-रिसोर्सेज तक आसानी से पहुंच सकते हैं जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता एवं शोध क्षमता में वृद्धि होती है। कार्यशाला के दौरान एनडीएलआई प्लेटफॉर्म का लाइव डेमोस्ट्रेशन दिया गया। विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी चरणबद्ध तरीके से समझाई गई। साथ ही, एनडीएलआई क्लब की गतिविधियों एवं इसके माध्यम से मिलने वाले अवसरों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इंटरेक्टिव सत्र के दौरान अपने प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर कॉलेज की संरक्षिका डॉ. सीमा सिंघल, वाइस प्रिंसिपल नीशू बंसल तथा एनडीएलआई की सचिव क्लर्क सीमा अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में संयोजक डॉ. कौशल चौहान विस्तार से जानकारी दी।



विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के प्रति किया गया जागरूक